web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 05 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-212

# चक्रवाती तूफान फोनी से भुवनेश्वर में एम्स-एयरपोर्ट को भारी नुकसान

**» अबतक तीन लोगों की मौत, 160 से ज्यादा लोग घायल » 12 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया**

**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** ओडिशा में आए चक्रवाती तूफान फोनी ने काफी तबाही मचाई है। पुरी में पुरानी इमारतों, कच्चे घरों, अस्थायी दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। ओडिशा में तूफान से अबतक 3 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 160 लोग घायल हैं। बिजली और टेलिकॉम सेवा पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। वहीं, भुवनेश्वर में एयरपोर्ट तथा एम्स में काफी नुकसान हुआ है।

तूफान के कारण एम्स भुवनेश्वर में एक इमारत की छत का एक हिस्सा टूट गया, लेकिन सभी छात्र, स्टॉफ और मरीज सुरक्षित बताए गए हैं। फोनी के कारण भुवनेश्वर में एम्स पीजी 2019 परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थिति सामान्य होने पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा 5 मई रविवार को होनी थी। उधर, एनडीआरएफ और प्रदेश का सुरक्षाबल आपदा राहत और सड़कों को साफ करने के काम में लगा हुआ है। बीजू पटनायक इंटरनैशनल एयरपोर्ट को भी तूफान की वजह से काफी नुकसान पहुंचा है।



आपको बता दें कि चक्रवाती तूफान फोनी ने शुक्रवार की सुबह भारी बारिश और करीब 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की प्रचंड हवाओं के साथ ओडिशा तट पर दस्तक दी। भयंकर तूफान के कारण इसके प्रभाव वाले इलाकों में कई जगह पेड़ उखड़ गए हैं, झोपड़ियां तबाह हो गई हैं और पुरी के कई इलाके पानी में डूबे हुए हैं। इसके साथ ही तकरीबन 12 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। नुकसान का सही आकलन अब तक नहीं हो पाया है। हालांकि, अब इसकी रफ्तार धीमी पड़ने लगी है।

अत्यधिक प्रचंड चक्रवाती तूफान फोनी आज सुबह करीब आठ बजे पुरी पहुंचा। इसकी शुरुआत 175 किमी प्रतिघंटे की हवाओं से हुई। हवा की रफ्तार 245 किमी प्रतिघंटे तक पहुंची। चक्रवात के पहुंचने की प्रक्रिया पूरी होने में करीब तीन घंटे का समय लगा।

## ओडिशा के बाद पश्चिम बंगाल से टकराया फानी तूफान, बारिश और आंधी जारी



ओडिशा में शुक्रवार को प्रवेश कर भारी तबाही मचाने वाले शक्तिशाली चक्रवाती तूफान फानी कुछ घंटों बाद मध्यरात्रि में पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने से वहां भारी बारिश होने लगी और तूफान में पेड़ उखड़ते चले गए। यह पिछले कई दशकों में भारतीय उपमहाद्वीप पर आया सबसे शक्तिशाली तूफान है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक इस तूफान से ओडिशा में आठ लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान फानी ओडिशा के तट पर प्रवेश के दौरान अपेक्षाकृत कमजोर था जो बंगाल पहुंचते ही बहुत शक्तिशाली हो गया। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के उपनिदेशक जनरल संजीव बंदोपाध्याय ने कहा, चक्रवाती तूफान फानी ओडिशा के बालासोर से मध्यरात्रि लगभग 12.30 बजे बंगाल में प्रवेश हुआ। इसने 70-80 किलोमीटर से 90 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार की हवा से खड़गपुर क्षेत्र को पार किया। तूफान फिलहाल कोलकाता से 40 किलोमीटर पश्चिम में हुगली जिले के आरामबाग के करीब है। बंदोपाध्याय ने कहा, इसके लगातार उत्तर, उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ने और पूर्वी बर्दवान-हुगली सीमा पर पहुंचने और नादिया होते हुए शनिवार दोपहर तक बांग्लादेश जाने की संभावना है।

# सत्रहवीं लोकसभा के नये सदस्यों का होगा खास स्वागत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सत्रहवीं लोकसभा के नये सदस्यों के स्वागत के लिए इस बार खास तैयारी की गयी है तथा संसद के केंद्रीय कक्ष को भी नये कलेवर में तैयार किया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने शुक्रवार को लोकसभा सचिव स्नेहलता श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया तथा अपने सुझाव दिये। इसके बाद उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के तुरंत बाद नये सदस्यों से संपर्क करके यह पता कर लिया जायेगा कि वे कैसे और कब दिल्ली पहुँच रहे हैं। हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर उनके लिए विशेष हेल्पडेस्क बनाये जायेंगे।



नये सदस्यों के दिल्ली में ठहरने के लिए वेस्टर्न कोर्ट में 100 कमरे तैयार रखे गये हैं। राज्यों के दिल्ली स्थित भवनों से भी उनके यहाँ कमरे तैयार रखने के लिए कहा गया है। करीब 200 कमरे राज्य भवनों में तैयार रहेंगे। श्रीमती महाजन ने कहा कि इस बार कोशिश की जा रही है कि किसी भी सदस्य को होटल में न ठहराना पड़े।

नये सदस्यों के साथ ही पुराने सदस्यों को भी नियमावली, अध्यक्ष के निर्देशों और संविधान की प्रतियाँ दी जायेंगी। 17वीं लोकसभा के सदस्यों के बैग में एक पेनड्राइव भी होगा जिसमें उनकी जरूरत के हर प्रकार के फॉर्म तथा नियमावली आदि की सॉफ्ट प्रति होगी।

संसद के केंद्रीय कक्ष को भी इस बार विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। उसकी डिजाइनिंग और मुख्य रंगों के साथ हालाँकि कोई छेड़छाड़ नहीं की जा रही है, लेकिन मेजों को नये पैटर्न में पॉलिस किया जा रहा है। सीटों के गद्दों को निकालकर पूरी तरह से मरम्मत की जा रही है। पिछले कई वर्षों से केंद्रीय कक्ष में इस पैमाने पर मरम्मत का काम नहीं हुआ है।

# राफेल मामले पर पुनर्विचार याचिका खारिज हो

**» सरकार ने की सुप्रीम कोर्ट से अपील**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्र सरकार ने राफेल विमान सौदे को लेकर दिए गए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर पुनर्विचार याचिका को नए हलफनामे के मार्फत खारिज किए जाने का आग्रह किया है। केन्द्र सरकार के हलफनामे के अनुसार भारत को सस्ती कीमत पर राफेल विमान मिले हैं। सरकार का मानना है कि व्यक्तिगत अवधारणा जांच का आधार नहीं होती। इसलिए इस पर किसी भी तरह की एफआईआर दर्ज करने का आदेश नहीं दिया जा सकता।



सरकार ने माना है कि दिसम्बर 2018 में सुप्रीम कोर्ट का फैसला सही था। न्यायालय को गुमराह किए जाने के आरोपों को भी सरकार ने खारिज कर दिया है।

गौरतलब है कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। वहीं इस सौदे को लेकर फ्रांस की महावाणिज्यिक दूत सोनिया बारब्री ने कहा है कि नियमों व प्रक्रियाओं का पालन करने के बाद ही सौदा पक्का हुआ है। अगर कोई विवाद निर्मित हुआ है तो उससे कोई लेना-देना नहीं है।

# लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण हेतु मतदान कल

**» 96 हजार से अधिक बनाए गए मतदान केन्द्र**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इस बार देक के लोकसभा आम चुनाव के पांचवें चरण का मतदान 6 मई 2019 को होगा। इसके अंतर्गत 7 राज्यों की 51 लोकसभा क्षेत्र में चुनाव होंगे। पांचवें चरण के चुनाव में लगभग 8 करोड़ 75 लाख मतदाता इक्यावन लोकसभा क्षेत्रों के 674 उम्मीदवारों के भाग्य पर मुहर लगायेंगे। आर.एन.एस.के अनुसार छठवें चरण के मतदान को निर्विध्न और सुचारु रुप से संपादित करने हेतु 96 हजार से अधिक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। पांचवें चरण के चुनाव के अंतर्गत जिन 51 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान किया जाना है, उनमें बिहार की पांच, जम्मू-कश्मीर की दो, झारखंड की चार, मध्यप्रदेश की सात, राजस्थान की बारह, उत्तरप्रदेश की चौदह और पश्चिम बंगाल की सात सीटें शामिल हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पांचवें चरण के इस 51 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के दरम्यान सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है।

# घाटी से बुरहान वानी गैंग का हुआ खात्मा, टाइगर भी ढेर

**» सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता**

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन आतंवादी मारे गए. सेना, सीआरपीएफ और जम्मू पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान में आतंकवादियों के पोस्टर बॉय बुरहान वानी के ब्रिगेड कमांडर लतीफ अहमद डार उर्फ लतीफ टाइगर को मार गिराया गया. इस मुठभेड़ में दो और आतंकवादियों के भी मारे जाने की सूचना है. लतीफ जुलाई 2016 में मारे गए आतंकी बुरहान वानी के ग्रुप का आखिरी आतंकी था.



जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों के साथ शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए. सेना के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर में शोपियां जिले के इमाम साहिब इलाके में सुरक्षा बलों ने तड़के घेराबंदी की और तलाश अभियान शुरू किया, जिसके बाद आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई. उन्होंने बताया कि शुरू में दोनों पक्षों के बीच कुछ देर गोलीबारी हुई, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने घेराबंदी मजबूत की ताकि आतंकवादी बचकर भाग नहीं पाएं.

अधिकारी ने कहा, सेना के संयुक्त अभियान में तीन आतंकवादी मारे गए. मुठभेड़ स्थल से काफी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं. अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार, आतंकवादी हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़े हुए थे. ऐसा माना जा रहा है कि मारा गया आतंकवादी लतीफ 'टाइगर' हिजबुल कमांडर बुरहान वानी के 10 साथियों में से आखिरी बचा हुआ आतंकवादी था.

# मोदी सरकार ने बर्बाद की अर्थव्यवस्था, हार रही लोस चुनाव : राहुल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने पांच साल में देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद किया है, भ्रष्टाचार को पनाह दिया है और किसान, युवा तथा महिलाओं की अनदेखी की है, इसलिए देश की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना लिया है।



राहुल ने कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा चुनाव हार रही है और मोदी के चेहरे पर आधा चुनाव संपन्न होने के बाद यह अब स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की जनता को पीड़ा दी है ,समाज को बांटने का काम किया है और विश्वमंच पर देश की छवि को खराब किया है ,इसलिए देश की जनता उन्हें सबक सिखाने जा रही है। उनकी सरकार चंद दिनों की मेहमान रह गयी है।

गांधी ने पीएम पर सेना के राजनीतिकरण का भी आरोप लगाया और कहा कि मोदी सेना को अपनी निजी संपत्ति समझते हैं। सेना किसी कि निजी संपत्ति नहीं है। प्रधानमंत्री तीनों सेनाओं को अपनी प्रॉपर्टी समझते हैं और सेना का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि सेना ने अपना काम किया है और वह किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि देश की है, इसलिए प्रधानमंत्री को उसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए और सेना का सम्मान करना चाहिए।

# मुशर्रफ राजद्रोह मामले की सुनवाई 12 जून तक टली

**इस्लामाबाद।** एक विशेष अदालत ने गुरुवार को पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उनके खिलाफ राजद्रोह मामले की सुनवाई 12 जून तक के लिए स्थगित कर दी। मुशर्रफ ने विशेष अदालत से अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर राजद्रोह मामले की सुनवाई को गुरुवार (आज) से बढ़ाकर रमजान के बाद करने का आग्रह किया था। जियो न्यूज के मुताबिक, पूर्व सैन्य तानाशाह के वकील सलमान सफदर ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल की हालत बेहद खराब है। इस वजह से वह सुनवाई में हिस्सा नहीं ले सकते। इसके बाद न्यायमूर्ति ताहिरा सफदर की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई 12 जून तक के लिए स्थगित कर दी। वकील ने मुशर्रफ की ओर से एक आवेदन में कहा कि मजबूत इच्छाशक्ति और पाकिस्तान लौटने की उत्सुकता के बावजूद, बीमारियों और चिकित्सा जटिलताओं के कारण वह विशेष अदालत में पेश नहीं हो सकते।



वकील ने कहा, वह शर्मिंदा हैं और समय पर नहीं पहुंचने के कारण माफी मांग रहा है। वह चलने में असमर्थ है, वकील ने कहा कि उन्होंने मुशर्रफ के साथ तीन दिन बिताए थे और यह देखकर हैरान थे कि वह मुश्किल से बोल पा रहे हैं। वकील ने कहा, डॉक्टरों ने कहा है कि इस स्थिति में यात्रा करना उनके लिए सुरक्षित नहीं है। फिर उन्होंने अदालत से रमजान के बाद सुनवाई को स्थगित करने के लिए कहा। अदालत ने मामले में मुशर्रफ को बरी करने की याचिका पर सरकार को नोटिस भी जारी किया। मुशर्रफ पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सरकार ने नवंबर 2007 में अतिरिक्त संवैधानिक आपातकाल लगाने के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया था।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, ट्रायल कोर्ट मुकदमे को पूरा करने के लिए आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 342 के तहत मुशर्रफ के बयान को रिकॉर्ड करने के लिए निर्धारित है।

# प्रचार के लिए बच्चों का सहारा लेने पर किरण खेर को ईसी का नोटिस

**चंडीगढ़।** सांसद और बीजेपी की चंडीगढ़ से प्रत्याशी किरण खेर को चंडीगढ़ नोडल ऑफिसर की तरफ से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोडल ऑफिसर की तरफ से यह कहा गया- आपने जो वीडियो ट्वीटर एकाउंटर पर शेयर किया है उसमें 'वोट फॉर किरण खेर' और 'अबकी बार मोदी सरकार' नारों के साथ बच्चों को चुनाव प्रचार में देखा जा सकता है। हालांकि, किरण खेर ने कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए इसे गलत करार दिया। उन्होंने कहा- जो कुछ भी हुआ वह गलत था उसमें बच्चों का इस्तेमाल किया गया। कुछ लोगों ने इसे मुझे भेजा था और मेरी टीम ने उसे शेयर कर दिया। हालांकि, बाद में उसे डिलीट कर दिया गया। जो हुआ वह बहुत गलत है। ऐसा नहीं होना चाहिए था।



## महत्वपूर्ण एवं खास

### डॉ. सुब्रमण्यन वित्त आयोग की सलाहकार परिषद सदस्य बने

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉक्टर कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन 15वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद में सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। 16 अप्रैल 2018 को 15वें वित्त आयोग ने सलाहकार परिषद का गठन किया था इसके निम्नलिखित 11 सदस्य थे। डॉ. कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन परिषद के 12वें सदस्य होंगे। परिषद की भूमिका और कार्य प्रणाली के अनुसार आयोग को किसी भी कार्य विषय पर परामर्श देना, कार्य विषय में शामिल बातों के बारे में आयोग की समझदारी बढ़ाने के लिए पत्र और शोध अध्ययन की तैयारी में सहायता करना, आयोग के दायरे को बढ़ाने में सहायता करना तथा वित्तीय विकेन्द्रीकरण से सम्बन्धित विषयों पर श्रेष्ठ राष्ठीय और अंतर्राष्ठीय व्यवहारों की समझदारी बढ़ाना और आयोग की सिफारिशों की गुणवत्ता और उसे लागू करने के कार्य में सुधार करना आदि हैं।

### बस और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत, 50 से अधिक लोग घायल

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा में आज तड़के तेज रफ्तार बस और ट्रक की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह घटना सुबह करीब 5.30 बजे नोएडा सेक्टर 88 में घटी। जानकारी के अनुसार दिल्ली से नोएडा की तरफ मदरसन कंपनी की बस में बैठे ऑफिस के कर्मचारी मॉर्निंग ड्यूटी पर जा रहे थे। तेज गति होने के कारण बस और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि घायलों में करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कुछ लोगों को वहीं के अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि बाकियों को नोएडा के सेक्टर 27 कैलाश हॉस्पिटल में भी कराया गया। ट्रक ड्राइवर भी इस हादसे में घायल हो गया है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने पुलिस सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर लोगों को अस्पताल पहुंचाने का काम किया।

### अपने प्रेमी से शादी रचाने जा रही है न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न और लंबे समय से उनके प्रेमी क्लार्क गेफोर्ड शादी रचाने जा रहे हैं। अर्डर्न और गेफोर्ड के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रेमी जोड़ा ईस्टर की छुट्टियों के दौरान शादी रचाने के लिए तैयार हो गया है। इनकी एक बेटी नीव भी है। उन्होंने यह नहीं बताया कि क्या प्रधानमंत्री की शादी की तारीख तय हो गई या किसने किसे शादी का प्रस्ताव दिया। प्रवक्ता ने कहा, ''मैं इसके अलावा और कुछ नहीं कह सकता कि उन्होंने सगाई कर ली है और यह ईस्टर पर हुआ।'' अर्डर्न (38) ने पिछले साल जून में नीव को जन्म दिया था। वह पद पर रहते हुए बच्चे को जन्म देने वाली दुनिया की दूसरी प्रधानमंत्री है। बच्ची के जन्म के बाद टेलीविजन फिशिंग शो होस्ट गेफोर्ड ने घर पर रहकर बेटी की परवरिश करना चुना।

### नवाज शरीफ की स्थायी जमानत की याचिका खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान उच्चतम न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की स्थायी जमानत देने की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी । नवाज शरीफ को पहले उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सा आधार पर छह सप्ताह की जमानत दी थी। वह अल अजीजिया स्टील्स मिल्स भ्रष्टाचार मामले में सजायाफ्ता हैं। मुख्य न्यायाधीश आसिफ सईद खोसा की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री के उपचार कराने के लिए विदेश जाने के अनुरोध को भी अस्वीकार कर दिया। नवाज शरीफ को उच्चतम न्यायालय ने स्वास्थ्य आधार पर 26 मार्च को छह सप्ताह की जमानत स्वीकार की थी । उन्होंने 25 अप्रैल को शीर्ष न्यायालय के समक्ष एक समीक्षा याचिका दायर करके स्थायी जमानत का अनुरोध किया था । उनकी छह सप्ताह की जमानत अवधि सात मई तक है।